'स्वयं की रुचि पहचान कर कड़ी मेहनत से मिलेगी सफलता'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

केकड़ी. राजकीय महाविद्यालय में प्राणी शास्त्र विभाग में करियर काउंसलिंग पर गुरुवार को प्राचार्य पीयूष कुमार गुप्ता के निर्देशन में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्राणी शास्त्र प्रो. पीयूष कुमार सालोदिया मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यदि प्रकृति एवं वन्यजीवों से प्यार हो तो जीव विज्ञान मे विद्यार्थियों के लिए करियर के कई अच्छे विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रजातियों के पशुओं, पक्षियों, स्तनपायियों, कीटों, मछलियों आदि की विशेषताओं और आदतों पर शोध कर अपना भविष्य संवारा जा सकता है। इसके अलावा वन्यजीवों एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए योजनाएं तैयार करने मे भी जूलॉजिस्ट अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपनी रुचि को पहचान कर आगे बढ़ने से सफलता निश्चित रूप से मिलती है। कार्यक्रम में प्रो. चेतनलाल रेगर, अनिल गुप्ता, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन शिखा माथुर ने किया।